# पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

महत्वपूर्ण घटनाक्रम का सारांश- अक्टूबर, 2022

1. **माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां**: **अनुलग्नक-I** में दी गई हैं।

2. **व्यापक अंतर मंत्रालयी विचार-विमर्श/विलंब आदि के कारण रुके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत पहलू/मामले आदि**: शून्य।

3. **मंत्रालय में तीन महीने से अधिक समय से लंबित अभियोजन के लिए स्वीकृति के मामले**: शून्य।

4. **ऐसे मामलों का विवरण जिसमें सरकार के कार्य व्यवहार या स्थापित नीति में छूट दी गयी है**: शून्य

5. **चालू स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति):** परिसर की सामान्य सफाई।

6. **स्वायत्त निकायों के पुनर्गठन की स्थिति:** मंत्रिमंडल ने दिनांक 13 जुलाई, 2022 को हुई अपनी बैठक में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन 5 स्वायत्तशासी निकायों का एक स्वायत्तशासी निकाय में विलय करने के लिए अपना अनुमोदन दे दिया।

7. **प्रशासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित उपकरणों और अनुप्रयोगों के उपयोग के लिए मंत्रालय द्वारा किए गए विशिष्ट उपायों के संबंध में सूचना:** समुद्र की सतह का तापमान और क्लोरोफिल जैसे उपग्रह से प्राप्त किए गए मापदंडों का उपयोग करके मछली पकड़ने के संभावित क्षेत्र की परामर्शिकाएं जारी की जाती हैं। इसके अलावा, अल्पावधि और मध्यम अवधि के मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए ग्लोबल सैटेलाइट के डेटा का सतत रूप से उपयोग किया जाता है।

8. **स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति की स्थिति:** इस बात की पुष्टि की जाती है कि मंत्रालय/विभाग और उसके संगठनों के मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के दायरे में आने वाले सभी पदों का ब्यौरा एवीएमएस पर अद्यतन किया गया है और इसका ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

9. **ऐसे मामलों की सूची जिनमें मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है**: इस बात की भी पुष्टि की जाती है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन किया गया है।

10. **माह के दौरान पास कर दिए गए एफडीआई प्रस्तावों का विवरण तथा मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति** : लागू नहीं।

*******

**लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां:**

- अंटार्कटिका के लिए 42वां भारतीय वैज्ञानिक अभियान 22 अक्टूबर 2022 को गोवा से औपचारिक रूप से शुरू किया गया है। 30 सदस्यों के बैच ने राष्ट्रीय ध्रुवीय और समुद्री अनुसंधान केंद्र (एनसीपीओआर) में रिपोर्ट किया, अग्निशमन प्रशिक्षण लिया तथा अंटार्कटिक के अनुभवियों एवं बाहरी विशेषज्ञों द्वारा दिए गए संक्षिप्त ब्रीफिंग व्याख्यान में भाग लिया। दल केप टाउन, दक्षिण अफ्रीका पहुंचा और 05 दिनों के अनिवार्य क्वारंटाइन की शुरुआत की।
- जब जीएसएलवी/एमके-III को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र [एसडीएससी], श्रीहरिकोटा लॉन्चिंग स्टेशन से सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया, तब सागर निधि पर शिप बोर्न ट्रांसपोर्टेबल (एसबीटी) दल ने 23 अक्टूबर 2022 को लॉन्च व्हीकल के प्रक्षेप पथ को सफलतापूर्वक ट्रैक किया और उपग्रहों के अलग अलग होने की घटना की पुष्टि की। इसने जीसैट 7 उपग्रह लिंकों के पूर्वी और पश्चिमी, दोनों बीमों पर श्रीहरिकोटा को दोनों, टीएम 1 और टीएम 2 व्हीकल डेटा भी सफलतापूर्वक प्रेषित किया।
- पृथ्वी और अंतरिक्ष विज्ञानों में उत्कृष्ट शोध के लिए डॉ. रॉक्सी मैथ्यू कोल, वैज्ञानिक, भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) को अमेरिकी भूभौतिकीय संघ (AGU) 2022 देवेंद्र लाल पदक प्राप्तकर्ता घोषित किया गया।
- भारत के माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 20 अक्टूबर 2022 को मिशन लाइफ के लॉन्च के अवसर पर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और इसके संस्थानों के अधिकारियों ने वर्चुअल रूप से भाग लिया।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने 17 अक्टूबर, 2022 को फकीर मोहन विश्वविद्यालय, बालासोर के साथ दोनों संगठनों के बीच अनुसंधान और विकास गतिविधियों को बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।

निर्णय/अनुमोदन की आवश्यकता वाला कोई भी मामला मंत्रिमंडल के समक्ष लंबित नहीं था।

<u>न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन:</u>

- किसान पोर्टल और सरकारी निजी सहभागिता मोड के माध्यम से देश में एस.एम.एस और आईवीआर प्रौद्योगिकी के जरिए उपयोक्ता समुदायों के लिए एग्रोमेट परामर्शिकाओं का प्रसारण जारी है। वर्तमान में, देश में लगभग 7.6 मिलियन किसान सीधे ही परामर्शिकांए प्राप्त कर रहे हैं।
- राज्य सरकार के अधिकारियों/ आपदा संबंधी अधिकारियों/केंद्र सरकार के संगठनों/जन सामान्य को मोबाइल के माध्यम से प्रतिकूल मौसम के बारे में एसएमएस से चेतावनियां भेजी जा रही हैं।
- राज्य प्राधिकरणों, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया सहित सभी प्रयोक्ताओं कोई-मेल के माध्यम से कई शहरों के लिए चेतावनी और शहर पूर्वानुमान के साथ-साथ दैनिक पूर्वानुमान प्रसारित किये जाते हैं।

**<u>वायु मंडलीय प्रेक्षण प्रणाली नेटवर्क</u>**

| प्रेक्षण का प्रकार | अब तक चालू किए गए | महीने के दौरान स्थापित। | डेटा रिपोर्टिंग। |
|---|---|---|---|
| स्वचालित मौसम स्टेशन (AWS) | *432<br>(806-374) | 2 | 432 |
| स्वचालित वर्षा मापक (ARG) | 557**<br>(1382-825) | -- | 557 |
| एग्रो एडब्ल्यूएस | 200 | -- | 194 |
| जीपीएस सोंडे आधारित आरएस/आरडब्ल्यू (रेडियो सोंडे/रेडियों वायु) स्टेशन | 56 | -- | 56 |
| डॉपलर मौसम रडार | *** 32 | -- | 28 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ओजोन (ओजोन सोंदे+कुल ओजोन) | 02 | -- | 02 |
| सतह ओजोन (विद्युत-रासायनिक सांद्रता सेल विधि) | 07 | -- | 05 |
| नेफेलोमीटर | 12 | -- | 09 |
| स्काई रेडियोमीटर | 20 | -- | 16 |
| ब्लैक कार्बन मॉनिटरिंग सिस्टम (अथैलोमीटर) | 25 | -- | 15 |
| वायुगुणवत्ता निगरानी प्रणाली | 10 (दिल्ली)<br>10 (मुंबई)<br>10 (अहमदाबाद) | -- | 10 (दिल्ली)<br>शून्य (मुंबई)****<br>शून्य (अहमदाबाद) |
| हाइड्रोमैट (भारत मौसम विज्ञान विभाग एवं एडब्ल्यूएस एवं एआरजी को छोडकर अन्य विभाग | --- | -- | 3091 |
| विमानन | 79 | -- | 79 |
| रेडिएशन स्टेशन | 46 | --- | 46 |

*कुल  806 में से 374 पुराने हैं।

**कुल 1382 में से 825 पुराने हैं।

***भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के दो डॉप्लर मौसम रडार सहित।

**** फर्म के साथ अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया है।

**मॉडलिंग**

अक्टूबर, 2022 के दौरान, हर सप्ताह गुरुवार को, बारिश, सतह के तापमान और हवाओं (पूर्ण क्षेत्रों और विसंगतियों) के लिए चार सप्ताह के लिए राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, युग्मित मॉडल आधारित विस्तृत पूर्वानुमान (ईआरपी) (i) आईएमडी के दीर्घ अवधि के पूर्वानुमान और कृषि-मौसम प्रभाग, (ii) भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) ईआरपी समूह, (iii) अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (SAC), (iv) डिफेंस जियो-इनफोर्मेटिक्स रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट (DGRE), (v) भारतीय वायु सेना (IAF), (vi) भारतीय नौसेना, (vii) जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (GSI), (viii) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी (NIH), (ix) आईएमडी के सभी प्रादेशिक केंद्र और (x) बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) देशों के मौसम विभागों को रियल टाइम में प्रदान किए गए । इसके अतिरिक्त, हिमपात के पूर्वानुमान रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा भारतीय वायु सेना को उपयोग के लिए उपलब्ध करवाए गए। माह के अंतिम गुरुवार अर्थात् 27 अक्टूबर, 2022 को अक्टूबर, 2022 के लिए मान्य मासिक औसत पूर्वानुमान भी उपयोक्ताओं के लिए शामिल किए गए  थे।

**मासिक मौसम सारांश (अक्टूबर 2022)**

**क)  माह के दौरान महत्वपूर्ण मौसम घटनाएं**

<u>निम्न दाब प्रणाली:</u>

एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया और चक्रवाती तूफान "सितरांग" में बदल गया जिससे मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, असम और मणिपुर में अत्यधिक भारी वर्षा के साथ छिटपुट से व्यापक वर्षा हुई।

दक्षिण-पश्चिम मानसून 23 अक्टूबर, 2022 को पूरे देश से वापस चला गया है। दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और आस-पास के क्षेत्रों के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण, निचले क्षोभमंडल स्तरों में चक्रवाती परिसंचरण के साथ पश्चिमी विक्षोभों तथा बंगाल की खाड़ी से मजबूत दक्षिण-पश्चिम/दक्षिणी हवाओं के कारण तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, तेलंगाना, रायलसीमा, महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम मध्य प्रदेश, कोंकण, गोवा, हिमालयी क्षेत्र, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में व्यापक वर्षा हुई गर्ज के साथ तूफान आए।

**ख) वर्षा परिदृश्य:** अक्टूबर, 2022 माह में, पूरे देश में 110.8 मिमी. वर्षा दर्ज की गई जो इसके दीर्घावधि औसत (एलपीए) 75.8 मिमी. का 147 % है।

**ग) भारी वर्षा की घटनाएं**

| समयावधि जिसके लिए चेतावनी जारी की गई | भारी / बहुत भारीवर्षा की घटनाओं की संख्या (> 64.4 मिमी): 330 |
|---|---|
| | 64.4 मिमी से अधिक वर्षा के लिए प्रतिशत सुधार (% में) |
| दिन 1/24 घंटे। | 85% |
| दिन 2/48 घंटे | 85% |
| दिन 3/72 घंटे। | 85% |

**घ) तापमान परिदृश्य:** अक्टूबर, 2022 माह में देश में समग्र रूप से औसत तापमान 26.27 डिग्री सेल्सियस था, जो कि सामान्य तापमान से 0.24 डिग्री सेल्सियस अधिक था। माह के दौरान देश के मैदानी भागों में अधिकतम तापमान दिनांक 5 अक्टूबर, 2022 को गंगानगर (पश्चिमी राजस्थान) में 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, तथा न्यूनतम तापमान दिनांक 24, 25 और 26 अक्टूबर, 2022 को सीकर (पूर्वी राजस्थान) में 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**ङ) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं:** माह के दौरान (माह की अंतिम तारीख को भारतीय मानक समय 08: 30 तक) गरजने और ओलावृष्टि की घटना नीचे तालिका में दी गई है:

| **क्र.सं.** | **क्षेत्र** | **गरजने वाले दिन** | **ओलावृष्टि की घटनाएं** | **गरजने की घटनाएँ** | **धूल भरी आंधी** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत | 25 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2. | उत्तरी पश्चिमी भारत | 19 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 3. | पूर्वोत्तर भारत | 17 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 4. | पूर्वी भारत | 20 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 5. | मध्य भारत | 16 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 6. | पश्चिमी भारत | 13 | शून्य | शून्य | शून्य |

**प्रकाशन और प्रचालन रिपोर्ट:**

1. ENSO/IOD बुलेटिन अक्टूबर 2022 में जारी किया गया और आरसीसी वेबसाइट पर अपलोड किया गया।
2. सितंबर 2022 के लिए मासिक जलवायु सार तैयार किया गया।
3. SASCOF23 का उन्नत मौसमी जलवायु आउटलुक विवरण (SCOS) तैयार किया गया है और RCC वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

**भूकंप विज्ञानीय प्रेक्षण नेटवर्क**

| **प्रेक्षण प्रकार** | **लक्ष्य** | **अभी तक आरम्भ किए गए** | **माह के दौरान डेटा रिपोर्टिंग** |
|---|---|---|---|
| भूकंप पूर्वानुमान केन्द्र | 115 | 152 | 133 |

**भूकंप और सुनामी की निगरानी**

भूकंप: भारतीय क्षेत्र में 108 भूकंपों की निगरानी की गई, जिसमें से 4 भूकंपों की तीव्रता 5.0 से अधिक थी।
सुनामी**:** सुनामी उत्पन्न कर सकने की क्षमता वाला एक समुद्र तलीय भूकम्प (6 से अधिक तीव्रता) आया। यह सूचना सभी घटनाओं के घटित होने के 12 मिनट से कम समय में उपलब्ध कराई गई।

**समुद्र प्रेक्षण प्रणाली**

| प्लेटफॉर्म का प्रकार | लक्ष्य | अक्टूबर 2022 तक आरम्भ किए गए | अक्टूबर 2022 के दौरान प्राप्त डेटा |
|---|---|---|---|
| अर्गो फ्लोट्स* | 200 | 374 | 57 |
| मूरेड बुयो | 16 | 19 | 11 |
| टाइड गोज | 36 | 36 | 32 |
| उच्च आवृत्ति (HF) राडार | 10 | 12 | 6 |
| एकॉस्टिक डॉपलर करंट प्रोफाइलर (ADCP) | 20 | 20 | 17 |
| सुनामी बुयो | 4 | 7 | 5 |
| वेव राइडर बुयो | 23 | 16 | 12 |

*शेष फ्लोट्स / ड्रिफ्टर्स ने अपनी जीवन अवधि पूरी कर ली है, इसलिए उनसे कोई डेटा नहीं प्राप्त किया जा सका।

**समुद्र विज्ञान सेवाएँ**

| क्रमांक | पूर्वानुमान के प्रकार | महीने के दौरान जारी की गई परामर्शिकाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | एकीकृत संभावित मत्स्यन क्षेत्र (PFZ) परामर्शिका (समुद्री सतह तापमान (SST), क्लोरोफिल, विंड)। | 30 |
| 2. | टूना मछली पकड़ने की परामर्शिकाएं | 2 |
| 3. | समुद्री दशा का पूर्वानुमान (OSF) लहरें, पवन,धाराएं, एसएसटी(समुद्र सतह का तापमान), MLD (मिश्रित परत की गहराई) और D20 पूर्वानुमान | 30 |
| 4. | रियल टाइम वैश्विक समुद्र विश्लेषण (दैनिक) | 31 |
| 5. | कोरल विरंजन चेतावनी प्रणाली | 10 |

**आउटरीच एवं जागरुकता**

- भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केन्द्र (इंकॉइस) में इंटरनेशनल ट्रैनिंग सेन्टर फॉर ऑपरेशनल ओशनोग्राफी (ITCOocean) द्वारा दिनांक 10 अक्टूबर 2022 को भारतीय नौसेना की दक्षिणी नौसेना कमांड के अन्तर्गत नौसेना समुद्र विज्ञान एवं मौसम विज्ञान विद्यालय (SNOM) के अधिकारियों के लिए चार महीने की अवधि का "प्रथम उन्नत समुद्र विज्ञान पाठ्यक्रम" आरंभ किया गया।
- इंकॉइस ने प्रेक्षण एवं मॉडलिंग के माध्यम से दक्षिणपूर्वी उष्णकटिबंधीय हिंद महासागर में अनुसंधान पहल के लिए समुद्री धाराओं के प्रवाह के संबंध में जर्काता स्थित भारतीय दूतावास के समन्वय से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा नेशनल रिसर्च एंड इनोवेशन एजेंसी, इंडोनेशिया के बीच आधे दिन की एक वर्चुअल कार्याशाला दिनांक 12 अक्टूबर, 2022 को आयोजित की गई। इस चर्चा में इंकॉइस, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा बदन राइसेट दान इंनोवासी नासीओनल (BRIN), इंडोनेशिया के वैज्ञानिकों ने सहभागिता की।
- इंकॉइस द्वारा भारत के पूर्वी तट तथा अंडमान एवं निकोबार के लिए चौदह (14) उच्च तरंग/स्वेल सर्ज (अलर्ट/चेतावनी) जारी किए गए।
- 22 से 25 अक्टूबर के दौरान बंगाल की खाड़ी के ऊपर सितरांग चक्रवातीय तूफान से सम्बद्ध दस (10) तूफानी लहरें तथा आप्लावन पूर्वानुमान जारी किए गए।
- इंकाइस द्वारा तीस (30) दिनों की ऐल्गल ब्लूम सूचना सेवा जारी की गई थी, तथा 1 दिवसीय अलर्ट सृजित किया।

- इंकॉइस ने साउथ एशिया हाइड्रोमेट फोरम (SAHF), जिसे रीजनल इंटीग्रेटेड मल्टी-हैजर्ड अर्ली वार्निंग सिस्टम (RIMES) द्वारा प्रशासित किया जाता है, के लिए हिंद महासागर की समुद्री स्थिति की पूर्वानुमान जानकारी (लहरें, पवन, धारा, स्वेल, समुद्री सतह तापमान) की विगत सप्ताह की ब्रीफिंग तथा आगामी सप्ताह के लिए पूर्वानुमानों को शामिल करते हुए साप्ताहिक अपडेट्स प्रदान किए गए
- इंकॉइस का भारतीय सुनामी चेतावनी केंद्र राष्ट्र को 15 वर्षों की सेवा का समारोह मना रहा है।
- विभिन्न विद्यालयों एवं कॉलेज के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केन्द्र (NCCR), NCMRWF तथा INCOIS परिसर का दौरा किया।
- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा इसके संस्थानों के कार्मिकों ने सतर्कता जागरुकता सप्ताह के दौरान दिनांक 31 अक्टूबर 2022 को सत्यनिष्ठा की शपथ ली।
- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय एवं इसके विभिन्न संस्थानों में हिंदी पखवाड़ा मनाया गया।
- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा इसके संस्थानों में लंबित मामलों के निपटान हेतु विशेष अभियान चलाया गया।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर एवं आईएमडी वेबसाइट के माध्यम से अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा में लगभग 5 मिनट अवधि के मौसम पूर्वानुमान सम्बन्धी वीडियो प्रतिदिन जारी किए।
- वेबसाइट एवं सोशल मीडिया (फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब आदि) के माध्यम से प्रत्येक गुरूवार को विस्तारित अवधि पूर्वानुमान (दो सप्ताह तक का) सम्बन्धी साप्ताहिक वीडियो जारी किया गया।
- देशभर में पूर्वानुमानकर्ताओं द्वारा दैनिक साक्षात्कार दिए गए।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग के प्रादेशिक कार्यालयों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में पूर्वानुमान वीडियो नियमित रूप से जारी किए गए थे।
- ग्राफिक युक्त बुलेटिन एवं चेतावनियां फेसबुक, ट्विटर, इंस्ट्राग्राफ, यूट्यूब एवं आईएमडी ब्लॉग पेज सहित सोशल मीडिया के माध्यम से भी जारी किए गए थे।

**<u>प्रकाशन</u>**

| विषय | प्रकाशन | | | पीएचडी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल, 2022 – सितम्बर 2022 | अक्टूबर 2022 | कुल | अप्रैल, 2022 – सितम्बर 2022 | अक्टूबर 2022 | कुल |
| वायुमण्डलीय विज्ञान | 84 | 14 | 98 | 11 | 2 | 13 |
| समुद्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 42 | 8 | 50 | 1 | 1 | 2 |
| ध्रुवीय विज्ञान | 18 | 2 | 20 | - | - | - |
| भूविज्ञान एवं संसाधन | 35 | 4 | 39 | 1 | - | 1 |
| कुल | 179 | 28 | 207 | 13 | 3 | 16 |

**<u>पेटेन्ट: 1</u>**

**<u>माह के दौरान समुद्री अनुसंधान पोतों का उपयोग</u>**

| पोत | समुद्र पर दिन / उपयोग | अनुरक्षण / निरीक्षण / वैज्ञानिक लॉजिस्टिक / क्रूज तैयारी | क्रूज की संख्या |
|---|---|---|---|
| सागर निधि | 28 | 3 | 1 |
| सागर मंजूषा | 21 | 10 | 2 |
| सागर तारा | 19 | 12 | 2 |
| सागर अन्वेषिका | 20 | 11 | 2 |
| सागर कन्या | 0 | 31 | 0 |
| सागर सम्पदा | 0 | 31 | 0 |

**<u>अनुलग्नक II</u>**

सं. एमओईएस/20/01/2017-स्था.
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

पृथ्वी भवन, लोदी रोड
नई दिल्ली 110 003

दिनांक: 7 नवंबर, 2022

**<u>प्रमाण पत्र</u>**

**(माह अक्टूबर, 2022 के लिए)**

प्रमाणित किया जाता है कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से संबंधित सभी पदों के संबंध में विस्तृत स्थिति अक्टूबर, 2022 माह के अंतिम दिन एवीएमएस पर अपडेट कर दी गई है। स्थिति का सार विवरण नीचे दिया गया है:-

| | |
|---|---|
| (क) एवीएमएस में दर्ज किए जाने हेतु अपेक्षित पदों की कुल संख्या | -13 |
| (ख) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार भरे हुए पदों की संख्या | -11 |
| (ग) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार पूर्णत: रिक्त पदों की संख्या | -02 |
| (घ) अतिरिक्त प्रभार व्यवस्था के अधीन पदों की संख्या | -00 |
| (ङ) आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले पदों की संख्या | -00 |

(डॉ. सेंथिल पांडियन)
संयुक्त सचिव
js.moes@gov.in